भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1196

उत्तर देने की तारीखः 25.11.2019

नेपाली भाषा

†1196. श्री राजू बिष्टः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कितने केंद्रीय विश्वविद्यालय नेपाली भाषा में स्नातकोत्तर और पीएचडी स्तर के पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को जानकारी है कि विश्व भारती जो पश्चिम बंगाल में एकमात्र केंद्रीय विश्वविद्यालय है और जहां बहुसंख्यक गोरखा रहते हैं में नेपाली भाषा में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम नहीं हैं;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा नेपाली भाषा संवर्धन केंद्र की स्थापना के लिए क्या नए कदम उठाए हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क): दो केंद्रीय विद्यालय नेपाली भाषा में पाठ्यक्रम प्रदान कर रहे हैं। नेपाली भाषा में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एम.ए. एवं पीएच.डी पाठ्यक्रम तथा सिक्किम विश्वविद्यालय एम.ए. एम.फिल एवं पीएच.डी पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं।

(ख) एवं (ग): विश्व-भारती में अवर स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर नेपाली भाषा में कोई पाठ्यक्रम नहीं है। पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की शुरूआत से ही उपलब्ध नहीं है क्योंकि विश्वविद्यालय को ऐसे पाठ्यक्रम शुरू करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ।

(घ): केंद्रीय विश्वविद्यालय उनके अधिनियम, संविधियों और उसके तहत बनाए गए अध्यादेश के प्रावधानों द्वारा शासित स्वायत्त निकाय हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों के सांविधिक निकाय किसी भाषा/विषय में नए पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए सक्षम हैं।

*****